सत्यमेव जयते

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
National Testing Agency
Excellence in Assessment

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
University Grants Commission
quality higher education for all

(उच्चत्तर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)
(An Autonomous Organization under the Department of Higher Education, Ministry of Education, Government of India)

सार्वजनिक सूचना

22 April 2025 / 02 बैसाख 1947

विषय: CUET (PG) – 2025 की उत्तर कुंजी चुनौती हेतु अनंतिम उत्तर कुंजी, प्रश्न पत्र तथा अभ्यर्थियों की रिकॉर्डेड प्रतिक्रियाएं प्रदर्शित करने के संबंध में।

कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट [CUET (PG)] – 2025 का आयोजन राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा देशभर में 13, 15, 16, 18, 19, 21 से 30 मार्च 2025 तथा 01 अप्रैल 2025 को कंप्यूटर आधारित परीक्षण (CBT) मोड में किया गया।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने अनंतिम उत्तर कुंजियाँ, प्रश्न पत्र तथा अभ्यर्थियों की रिकॉर्डेड प्रतिक्रियाएँ वेबसाइट **https://exams.nta.ac.in/CUET-PG/** पर प्रदर्शित कर दी हैं, जिसे अभ्यर्थी चुनौती दे सकते हैं।

वे अभ्यर्थी जो उत्तर कुंजी से संतुष्ट नहीं हैं, वे **₹200/- (केवल दो सौ रुपये)** प्रति प्रश्न के हिसाब से प्रसंस्करण शुल्क (गैर-वापसी योग्य) का भुगतान करके चुनौती दे सकते हैं। यह **सुविधा 22 अप्रैल 2025 से 24 अप्रैल 2025 (रात्रि 11:00 बजे तक)** उपलब्ध है।

प्रसंस्करण शुल्क का भुगतान डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग/यूपीआई के माध्यम से **24 अप्रैल 2025 (रात्रि 11:50 बजे तक)** किया जा सकता है। शुल्क प्राप्ति के बिना कोई चुनौती स्वीकार नहीं की जाएगी। अन्य किसी भी माध्यम से भेजी गई चुनौती स्वीकार नहीं की जाएगी।

अभ्यर्थियों द्वारा दी गई चुनौतियों की विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा जांच की जाएगी। यदि कोई उत्तर सही पाया जाता है, तो उत्तर कुंजी को संशोधित किया जाएगा। संशोधित अंतिम उत्तर कुंजी के आधार पर परिणाम तैयार कर घोषित किए जाएंगे। किसी भी अभ्यर्थी को व्यक्तिगत रूप से उसकी चुनौती स्वीकार/अस्वीकृत होने की सूचना नहीं दी जाएगी। विशेषज्ञों द्वारा संशोधित की गई अंतिम उत्तर कुंजी ही अंतिम मानी जाएगी।

यदि किसी अभ्यर्थी को **CUET (PG) – 2025** से संबंधित कोई समस्या हो तो वे **011-40759000 / 011-69227700** पर संपर्क कर सकते हैं या अणु-डाक पते **helpdesk-cuetpg@nta.ac.in** पर लिख सकते हैं।

अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा से संबंधित नवीनतम अपडेट के लिए नियमित रूप से **NTA की आधिकारिक वेबसाइट (www.nta.ac.in और https://exams.nta.ac.in/CUET-PG/)** पर जाएं।

ह.स्ता.–
निदेशक, एनटीए

परिशिष्ट 1

उत्तर कुंजी को चुनौती देने की प्रक्रिया

1. वेबसाइट https://exams.nta.ac.in/CUET-PG/ पर जाएँ।
2. **आवेदन संख्या और पासवर्ड** या **आवेदन संख्या एवं जन्म तिथि** से लॉग इन करें। सुरक्षा पिन भरकर 'Login' बटन पर क्लिक करें।
3. 'View/Challenge Answer Key' बटन पर क्लिक करें।
4. प्रश्न आईडी के सामने दिए गए 'Correct Option(s)' कॉलम में जो विकल्प हैं, वे एनटीए द्वारा निर्धारित सही उत्तर को दर्शाते हैं।
5. यदि आप उत्तर से असंतुष्ट हैं, तो आगे दिए गए पांच कॉलमों में से किसी एक या एक से अधिक विकल्प को चुनने के लिए चेकबॉक्स पर क्लिक करें।
6. आप यदि कोई सहायक दस्तावेज अपलोड करना चाहें, तो 'Choose File' पर क्लिक करके एक **सिंगल PDF फाइल** में दस्तावेज़ अपलोड करें।
7. चयन किए गए विकल्पों को देखने के लिए नीचे स्क्रॉल करें और 'Submit and Review Claims' पर क्लिक करें। कृपया आगे बढ़ने से पहले सभी आवश्यक विकल्प चुनना सुनिश्चित करें।
8. आपके द्वारा चुनौती दिए गए सभी प्रश्नों एवं विकल्पों की सूची स्क्रीन पर प्रदर्शित होगी। आप चाहें तो 'Modify Claim' पर क्लिक कर संशोधन कर सकते हैं। सभी चयन की पुष्टि के बाद 'Save Claim and Pay Fee' पर क्लिक करें।
9. भुगतान के लिए 'Save Claim and Pay Fee' पर क्लिक करें। एक बार भुगतान करने के बाद कोई संशोधन की अनुमति नहीं होगी।
10. भुगतान का तरीका चुनें और प्रत्येक चुनौती दिए गए प्रश्न के लिए ₹200/- का **गैर-वापसी योग्य** शुल्क **डेबिट/क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग या यूपीआई** के माध्यम से भुगतान करें।